भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **5282**

दिनांक 25 जुलाई , 2019 / 3 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पोरबंदर विमानपत्तन का नाम परिवर्तन

5282. श्री रमेशभाई एल॰ धडुकः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पोरबंदर विमानपत्तन का नाम बदलकर स्वर्गीय कस्तूरबा गांधी पोरबंदर विमानपत्तन करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या इस संबंध में सरकार के विचारार्थ कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा पोरबंदर और केशोड़ विमानपत्तनों से घरेलू उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ; और

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त दोनों विमानपत्तनों से क्षेत्र-वार प्रचालित वाणिज्यिक उड़ानों की संख्या कितनी है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग): एक सामान्य परिपाटी के तौर पर, हवाईअड्डों के नामकरण/पुन:नामकरण पर संबंधित राज्य सरकार की सिफारिश, जिसके साथ संबंधित राज्य विधान सभा में पारित संकल्प संलग्न हो, के आधार पर विचार किया जाता है। पोरबंदर हवाईअड्डे का पुन:नामकरण 'कस्तूरबा गांधी पोरबंदर हवाईअड्डा' के रूप में किए जाने के लिए गुजरात राज्य सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): घरेलू सेक्टर में हवाई प्रचालनों पर से विनियमन हटा लिया गया है और एयरलाइनें सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों (आरडीजी) के अध्यधीन देश में कहीं भी प्रचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। यातायात मांग और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विनिर्दिष्ट स्थानों के लिए हवाई सेवाएं मुहैया कराना एयरलाइन प्रचालक पर निर्भर करता है। तथापि, क्षेत्रीय हवाई सम्पर्कता,विशेषकर देश के अल्पसेवित और असेवित हवाईअड्डों के लिए सम्पर्कता को सुगम बनाने/बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय ने अक्टूबर, 2016 में क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) आरंभ की है। योजना के अंतर्गत, केशोड-अहमदाबाद और केशोड-मुंबई-केशोड सेक्टरों पर उड़ानों के प्रचालन के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं।

(ड.): वर्ष 2016 के दौरान पोरबंदर हवाईअड्डे से कोई अनुसूचित उड़ान प्रचालित नहीं हुई है। स्पाइसजेट ने वर्ष 2017 में मुंबई-पोरबंदर-मुंबई सेक्टर पर इस हवाईअड्डे से एक अनुसूचित उड़ान प्रचालित की है और ट्रूजेट भी शीतकाल 2018 से अहमदाबाद-पोरबंदर-अहमदाबाद सेक्टर पर अनुसूचित उड़ान प्रचालित कर रही है। तथापि, पिछले तीन वर्ष के दौरान केशोड हवाईअड्डे के लिए/से कोई अनुसूचित उड़ान प्रचालित नहीं हुई है।

*****